तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

अंडरट्रायल रिव्यू कमेटी ने किया निरीक्षण, जेल में ... 12


अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में अटल कप का ... 12




## खबर संक्षेप

### भाजपा की बैठक कल



**महासमुंद।** भाजपा जिला संगठन द्वारा 10 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण जिला बैठक आयोजित है। यह बैठक भाजपा प्रदेश मंत्री एवं नवनियुक्त महासमुंद जिला संगठन प्रभारी जयंती पटेल के प्रथम जिला आगमन पर रखी गई है। जिला स्तर पर परिचयात्मक, संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर इस बैठक में विस्तार से चर्चा होना है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम आमापाली में पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आमापाली के परीक्षित राणा पिता नरोत्तम राणा की घर बाड़ी से करीब 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### मॉर्निंग वॉक करने गया युवक बाइक की टक्कर से घायल




**महासमुंद।** मॉर्निंग वॉक पर गया एक युवक बाइक की टक्कर से घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को कृष्णचंद बरिहा ग्राम पंडकीपाली ने बताया कि 07 दिसंबर को सुबह लगभग 5 बजे उसका बेटा मनोज कुमार बरिहा अपने दोस्तों कोमल निषाद, डोलामणि चौधरी के साथ में पैदल मॉर्निंग वॉक में ग्राम पड़कीपाली से पड़कीपाली नाला की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 06 जीजी 5805 के चालक ने अपने वाहन को उपेक्षापूर्ण व लापरवाहीपूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मनोज बरिहा के सिर व बांये पैर में चोट आई है। 281, 125 (ए) बीएनएस, अन्य विधान एवं धाराएं 184 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



### पूर्व नपाध्यक्ष ने किया स्वागत

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नियुक्त होने बाद प्रथम नगर आगमन पर पूर्व नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने द्वारिकाधीश यादव का स्थानीय बग्गा चौक में मातृशक्तियों के साथ स्वागत किया।

**उत्साह :** पदभार सभा के पहले प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत, जिला मुख्यालय पहुंचे द्वारिका

# नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश बोले: सबका विचार करेगा बेड़ापार, बनाएंगे फिर से प्रदेश में सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष का जगह-जगह हुआ स्वागत, युवाओं में दिखा उत्साह

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव को जिलाध्यक्ष चुने जाने पश्चात सोमवार को प्रथम जिला मुख्यालय आगमन हुआ। स्वागत का सिलसिला झलप से शुरु हुआ, जिसके बाद जगह-जगह अपने लाडले विधायक एवं जिलाध्यक्ष का कांग्रेसियों ने खुले दिल से स्वागत किया। तुमगांव में पूर्व जिपं सभापति अमर अरूण चंद्राकर के नेतृत्व में स्वागत हुआ वहीं घोड़ारी में नगर पंचायत अध्यक्ष तुमगांव बलरामकांत साहू एवं किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक साहू के नेतृत्व में स्वागत हुआ। खरोरा में पूर्व नपा उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर, दिव्येश चंद्राकर, महामंत्री हर्षित चंद्राकर के नेतृत्व में स्वागत पश्चात रैली की शक्ल में जिलाध्यक्ष का काफिला कांग्रेस भवन की ओर रवाना हुआ। शहर में प्रवेश के साथ ही जगह-जगह स्वागत का सिलसिला कांग्रेस भवन तक जाकर रुका। बता दें कि ओवरब्रिज के पास नगर पालिका अध्यक्ष निखिल मनोजकांत साहू, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शहबाज राजवानी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेस भवन पहुंचने पर नेहरू चौक में बाजे गाजे व आतिशबाजी के साथ भव्य अभिनंदन हुआ।






### भाजपा सरकार में दारु गांजा बेचना आसान, धान बेचना कठिनः जिलाध्यक्ष

पदभार ग्रहण समारोह के दौरान नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यहां सामूहिक नेतृत्व होगा। बूथ के कार्यकर्ताओं के अलावा वरिष्ठ कांग्रेसजनों से भी किसी निर्णय पर उनका विचार लिया जाएगा और सामूहिक नेतृत्व किया जाएगा। उन्होंने एसआईआर पर सवाल उठाते हुए कहा कि हिंदुस्तान में यह बहुत बड़ी चुनौती है। निर्वाचन आयोग इशारे पर काम करते हुए लोगों को वोट से वंचित करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि जिले में 50 से 60 हजार मतदाता कम हो जाएंगे, इसलिए एसआईआर को चुनौती के रूप में लेकर सबसे पहले इसी पर काम करेंगे। कांग्रेस सरकार में युवकों को 18 वर्ष में वोट देने का अधिकार दिया था। किंतु, भाजपा सरकार लोगों को वोटे देने से ही वंचित करने का कार्य कर रही है। वर्तमान में शराब की अवैध बिक्री करने वाले, गांजा बेचने वालों को कोई परेशानी नहीं लेकिन, अपनी उपज को बेचने के लिए किसानों को इस सरकार ने परेशानियों के भंवर जाल में ढकेल दिया है। अध्यक्षीय उदबोधन में निवृत्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी।

#### यह रहे मंचस्थ

पदभार सभा को पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, केशव चंद्राकर, सरायपाली विधायक चातुरीनंद, पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन का मजबूत कड़ी बताया और कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता उतने ही महत्वपूर्ण है जितने कांग्रेस के पदाधिकारी। मंच पर मोहित ध्रुव, खिलावन बघेल, ढेलू निषाद, दाउलाल चंद्राकर, अमर अरुण चंद्राकर, गौरव चंद्राकर सहित कांग्रेसजन मौजूद रहे। मंच संचालन प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री अमरजीत चावला एवं आभार प्रदर्शन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया।

## साय नहीं उद्योगपति चला रहे सरकार: द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने भाजपा सरकार की नीति पर घेरा



भाजपा सरकार की कथनी और करनी में अंतर का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीष यादव ने कहा है कि प्रदेश में किसान धान काटकर टोकन का इंतजार कर रहा है, स्थिति यह है कि टोकन नहीं कटने पर आत्महत्या के लिए गला काटने तक का उदाहरण सामने है। उन्होनें कहा कि सरकारी नौकरी न देकर आरक्षण को पिछले दरवाजे से खत्म किया जा रहा है। विधानसभा में विधेयक जनहित में पारित न होकर व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होनें अंदेशा जताया कि प्रदेश में सरकार मुख्यमंत्री साय नहीं बल्कि, उद्योगपति चला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि महासमुंद विधानसभा के लिए सर्वाधिक चिंता का विषय यह है कि सिकासेर से जो पानी लाया जा रहा है, वह करणी कृपा जैसे भाजपाई घरानों के उद्योगपतियों को देने की तैयारी है। साथ ही यहां पर एक नहीं बल्कि अनेक प्लांट लगाने की तैयारी है। जिसके लिए सरकारी जमीन तक की षड़यंत्रपूर्वक खरीदी शुरु हो चुकी है। प्रदूषण का भयावह परिणाम निकट भविष्य में सामने आएगा। सिकासेर डायवर्सन के डीपीआर के अनुसार लोहे की पाईप बिछाकर पानी लाया जाएगा और उसे कोडार बांध और चरौदा बांध में दिया जाएगा। बीच में कही पर भी इसका लाभ और पानी किसानों को नहीं मिलेगा।



### बूथ मजबूत होगा फिर लक्ष्य भी आसान होगा: द्वारिकाधीश

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होनें कहा कि जिलाध्यक्ष मुझे चुना है। बकाया कमेटी फिलहाल यथावत रहेगी। समय-समय पर सामूहिक निर्णय के अनुसार फेरबदल होते रहेंगे। गुटबाजी के सवाल पर उन्होंने कहा कि गुटबाजी नहीं बल्कि मतभेद और मनभेद होता है, जिसे ठीक किया जा सकता है, और भाजपा में तो कांग्रेस से ज्यादा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वे पैराशूट अध्यक्ष नहीं बल्कि जमीनी कार्यकर्ता से यहां तक का सफर तय किया है। उन्होंने पहला काम एसआईआर के बाद बूथ को मजबूत करना होगा। जब बूथ में मजबूत होंगे तो लक्ष्य स्वतः हासिल होगा।

## किसान के पत्नी से मिले भाजपाजन समिति का कर्ज होगा माफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



खल्लारी विधानसभा के ग्राम सेनभाटा में किसान मनबोध के परिजनों से मिलकर अलका ने ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने 5000 की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदाय करते हुए किसान का 20000 का कर्ज भी सहकारी समिति द्वारा इस वर्ष धान नहीं काटे जाने के लिए आश्वस्त किया। मनबोध की पत्नि ने बताया कि इस वर्ष बेटी की शादी की चिंता भी उनके पति को थी। शादी उपरांत हम सब काम के सिलसिले में बाहर जाने वाले थे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू, मनबोध के छोटे भाई के पुत्र, पार्षद थानू पांडे, नरेश चंद्राकर उपस्थित थे।

### प्रतिमा पर माल्यार्पण कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला/ब्लाक इकाई महासमुंद के तत्वावधान में 10 दिसंबर को छग के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद वीरनारायण सिंह की श्रंद्धाजलि कार्यक्रम प्रतिवर्षानुसार कोडार (जलाशय) में मनाने की तैयारी के लिए बूढ़ादेव भवन में आहूत की गई थी। जिसमें यह तय किया गया कि नगर में निवासरत पदाधिकारी एवं सदस्य सर्वप्रथम 10 दिसंबर सुबह 8.30 बजे वीरांगना रानी दुर्गावती चौक के समीप एकत्रित होंगे। पश्चात समूह में कोडार में स्थित अमर शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए रवाना होंगे।

## प्रतिबंध के बावजूद जिले के खेतों में धधक रही पराली, प्रदूषण और उर्वरा शक्ति पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य सरकार ने खेतों में खरपतवार और फसल अवशेष (पराली/पैरा) जलाने पर सख्त रोक लगा रखी है। नियमों की अनदेखी करने पर भारी जुर्माने का प्रावधान है, लेकिन जिले में ये नियम केवल कागजों तक सीमित होकर रह गए हैं। धान की कटाई के बाद किसान खुलेआम खेतों में बचे हुए ठूंठ और पराली को जला रहे हैं, जिससे वायुमंडल में जहर घुल रहा है और जमीन की सेहत चौपट हो रही है। दुखद बात यह है कि प्रतिबंध और जुर्माने के बावजूद, जिले में अब तक एक भी किसान पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिलामुख्यालय लगे क्षेत्र मचेवा एवं उसके पास लगे गांवों के किसान रबि सिजन की फसल लेने के लिए अब खेत में फैले पराली/पैरा को जलाए जा रहें है। पराली जलाना एक ऐसी प्रथा है जिसका सीधा असर जमीन और हवा दोनों पर पड़ता है। जब किसान बचे हुए ठूंठ को जलाते हैं, तो इससे कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन और पार्टिकुलेट मैटर जैसी हानिकारक गैसें और कण उत्सर्जित होते हैं, जो सीधे वायु प्रदूषण का कारण बनते हैं। जिले में इन दिनों शाम के समय कई क्षेत्रों में धुंध और धुएं का माहौल देखा जा रहा है, जिसका सीधा कारण पराली दहन है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ ही, यह कृत्य जमीन की उर्वरा शक्ति पर भी जानलेवा हमला करता है। गर्मी के कारण मिट्टी की ऊपरी परत में मौजूद महत्वपूर्ण पोषक तत्व, जैसे नाइट्रोजन और फॉस्फोरस, नष्ट हो जाते हैं। जब विभाग से पूछा गया कि इस सीजन में अब तक कितने किसानों पर जुर्माना लगाया गया है, तो विभाग के पास कोई स्पष्ट या संतोषजनक जवाब नहीं है।

### जुर्माने का कड़ा प्रावधान,पर कार्यवाही शून्य

सरकार और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पराली जलाने के लिए एक सख्त जुर्माना प्रणाली लागू की है, जिसमें दो एकड़ से कम खेत पर 2,500 रुपए प्रति घटना, दो एकड़ से पांच एकड़ तक खेत पर 5 हजार रुपए प्रति घटना एवं पांच एकड़ से अधिक खेत पर 15 हजार प्रति घटना का प्रावधान है लेकिन जिले के परिप्रेक्ष्य में, इन नियमों की जमीनी हकीकत शून्य है। जिला मुख्यालय से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रायः हर दिन पैरा जलाने की घटनाएं सामने आती हैं, फिर भी न तो कृषि विभाग की टीम और न ही राजस्व विभाग का कोई अधिकारी मौके पर पहुंचकर दंडात्मक कार्रवाई करता है।

### मशीनी कटाई, सुविधा बनी समस्या की जड़

जिले के अधिकांश किसान अब धान की कटाई के लिए हाथों की बजाय कंबाइन हार्वेस्टर मशीनों का उपयोग कर रहे हैं। जबकि हाथ से कटाई में पौधे को जमीन के करीब से काटा जाता था, ये आधुनिक मशीनें धान के पौधे को जमीन से लगभग एक फुट ऊपर से काटती हैं। इस वजह से, खेत में बड़ी मात्रा में धान का ठूंठ और अवशेष बच जाता है। इस ठूंठ को खेत से हटाने में लगने वाले समय और श्रम से बचने के लिए, किसान इसे विनाशकारी तरीका आग लगाना अपनाते हैं। यह व्यवहार न केवल किसान के भविष्य को खतरे में डाल रहा है, बल्कि समाज के स्वास्थ्य,वायु प्रदूषण पर भी बुरा असर डाल रहा है।

### किसानों ने मवेशियों के लिए किया पराली दान

**बिरकोनी।** बिरकोनी के किसानों ने मवेशियों की भूख मिटाने हाथ बढ़ाया हैं। जागरूक किसान पराली का संग्रह कर गोठानों में दान कर रहे हैं। ग्राम के जनप्रतिनिधियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से गौठान में गौ माता के चारे की व्यवस्था के लिए पैरा-दान करने की अपील की है। गांवों में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गौठान बनाए गए है। इन गौठानों में गोधन के चारे एवं पानी का प्रबंध किया जा रहा है। पशुधन के लिए गौठानों में सूखे चारे का पर्याप्त प्रबंध हो सके। इसके लिए किसान धान की कटाई के बाद खेतों में पैरा को जलाने की बजाय अपने गांव की गौठान में पैरा-दान कर रहे हैं। इससे गोधन के लिए चारे का इंतजाम करने में आसानी होगी। किसान देवनाथ साहू ने बताया कि खेतों में पराली जलाने से प्रदूषण एवं स्वास्थगत समस्याएं पैदा होती है। यह नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी का भी उल्लंघन है।

**कुल 172 प्रकरणों में 26,047 क्विंटल धान जब्त**

# जिले में अब तक कुल 1,81,264 मीट्रिक टन धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य सरकार के मंशानुरूप जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और सुचारूता के साथ निरंतर जारी है। आज धान खरीदी का 17वां दिन है। जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में अब तक कुल 1,81,264 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसमें मोटा धान 1,51,965 टन, पतला 12.2 टन तथा सरना 29,286.9 टन धान खरीदी की गई हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन, सहकारिता, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिला स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, तौल उपकरणों की नियमित जांच सुनिश्चित की गई है। सभी उपार्जन केंद्रों में केंद्रीय मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन खरीदी का आंकड़ा ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण तुलाई, उचित व्यवस्था तथा किसानों को सुचारू सेवा सुनिश्चित की जा रही है। समितियों में धान की गिरदावरी (फसल पंजीयन) मिलान एवं सत्यापन का कार्य भी जारी है। ताकि, अवैध विक्रय पर रोक लग सके। निगरानी दलों को 24×7 सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई किया जा सके। राइस मिलों को मिलिंग क्षमता के अनुसार धान उठाव, भंडारण और सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। भुगतान प्रक्रिया को तेजी से निपटाने के लिए बैंक व सहकारी समितियाँ समन्वय कर रही हैं। खरीदी केंद्रों से धान उठाव की प्रक्रिया भी जारी है।



### अब तक 154 प्रकरण दर्ज

जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शिता से चलाने के लिए अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के प्रशासनिक निर्देश के तहत अब तक अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से जुड़े 154 प्रकरण दर्ज किए गए। 18 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन कर प्रकरण दर्ज किया गया है। कुल 172 प्रकरणों से संयुक्त टीम राजस्व, मंडी, सहकारिता एवं पुलिस विभाग द्वारा 26047.84 क्विंटल धान जब्त किया गया है।

### अवैध परिवहन पर लगातार कार्रवाई जारी

अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत तहसील कोमाखान एवं सरायपाली में अलग-अलग प्रकरणों में कुल 791 कट्टा धान जब्ती की कार्रवाई की गई। जिसमें तहसील कोमाखान के ग्राम लिटियादादर में परिवहन करते हुए 350 कट्टा अवैध धान टीम ने जब्त की।

### चार हजार का महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने बैदपाली चौक के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी गिरधारी वैष्णव पिता रविशंकर वैष्णव बाजार के पास बैदपाली रोड ताजनगर सरायपाली के कब्जे से कुल 20 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।










रायपुर। ठंड इतनी कि खुले आसमान तले रेलवे स्टेशन, आंबेडकर हॉस्पिटल एवं डीकेएस अस्पताल समेत कई सार्वजनिक जगहों पर लोग गठरी बनकर सो रहे। फोटोः किशन लोखंडे

**नवा रायपुर में शीतलहर**

## रात और दिन के तापमान में 20 डिग्री का अंतर अंबिकापुर जैसी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पिछले दो दिन से माना और नवा रायपुर का इलाका कड़ाके की ठंड के साथ शीतलहर की चपेट में है। यहां रात और दिन के तापमान में 20 डिग्री का अंतर है। माना एयरपोर्ट के आसपास के इलाके में अंबिकापुर जैसी ठंड पड़ रही है। दोनों शहरों का न्यूनतम तापमान सामान्य से 5-6 डिग्री नीचे जा चुका है।

दिसंबर के दूसरे सप्ताह में भी मामूली उतार-चढ़ाव के बीच ठंड का प्रभाव बढ़ने की संभावना है। अगले दो दिन यानी सोमवार और मंगलवार को रायपुर जिले के साथ दर्जनभर क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। पिछले तीन चार दिनों से राज्य में बढ़ती ठंड का प्रभाव रहा है और राज्य के सीमावर्ती इलाकों में तो ठंड चरम पर है। वहां मैनपाट सहित आसपास के इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सुबह के वक्त पेड़ों की पत्तियों में ओस जमने जैसी स्थिति बन रही है। अंबिकापुर का तापमान 5.2 डिग्री तक पहुंचा है, जो सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस कम है। इसी तरह की स्थिति राजधानी रायपुर से करीब 10 किमी दूर माना एयरपोर्ट और उससे लगे नवा रायपुर की है। वहां भी पिछले तीन दिनों से शीतलहर जैसे हालात बने हुए हैं। वहां रात का तापमान 8 डिग्री तक पहुंचा है, जो सामान्य से 5.7 सेल्सियस कम है। वहां दिन और रात के तापमान में 20 डिग्री का अंतर है, जो कड़ाके की ठंड की तरफ इशारा कर रहा है।

### इन इलाकों में शीतलहर का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक रायपुर के अलावा गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कबीरधाम, मुंगेली, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, बेमेतरा, दुर्ग, मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी, बालोद और कोरबा में शीतलहर जैसी स्थिति बन सकती है।

### पिछले चौबीस घंटे का तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिक. |
|---|---|---|
| रायपुर | 11.9 | 28.9 |
| माना | 28.4 | 8.0 |
| बिलासपुर | 28.0 | 10.5 |
| पेंड्रा | 25.8 | 8.6 |
| अंबिकापुर | 25.8 | 5.2 |
| जगदलपुर | 29.4 | 10.4 |



**खबर संक्षेप**

### सरोना स्कूल में बच्चों ने लगाया आनंद मेला



रायपुर। मां सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय सरोना में रविवार को विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा आनंद मेले का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त अभिभावक व भैया-बहन स्टाफ शाामिल हुए। इस अवसर पर समाजसेवी सरोना ज्ञानेश सिंह ठाकुर द्वारा निर्मित शेड का उद्घाटन समृद्धि सिंह ठाकुर ने किया और स्कूल के बच्चों को समर्पित किया। इस मौके पर विद्यालय की अध्यक्ष इंदू सिंह राजपूत, गोपी सिंह ठाकुर, वीसी यदु, जया ठाकुर, प्रधानाचार्य भानुमति हरपाल, उमा वर्मा आदि शामिल थे।

### सीटों की कटौती के विरोध में ब्लैक रिबन प्रोटेस्ट

रायपुर। एमडी-एमएस की राज्य की शासकीय सीटों पर की गई कटौती के विरोध में चिकित्सा छात्रों ने मोर्चा खोल दिया है। स्थानीय छात्रों का अहित होने का हवाला देते हुए उनके द्वारा अफसरों और अन्य जिम्मेदारों से मिलकर आपत्ति दर्ज कराई गई है। सोमवार को सभी शासकीय मेडिकल कॉलेज के छात्र काला फीता लगाकर अपना विरोध जताएंगे।

**साइंस कॉलेज मैदान में अनुमति नहीं मिलने के बाद घर के पास खाली मैदान में किया प्रदर्शन**

# करणी सेना को पुलिस ने मैदान में ही घेरा आगे नहीं बढ़ पाए, चर्चा के बाद आंदोलन खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र तोमर के समर्थन में क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत के नेतृत्व में करणी सेना के समर्थकों ने रविवार को प्रदर्शन किया। आठ सूत्रीय मांगों को लेकर करणी सेना ने प्रदर्शन किया। क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एसएसपी सहित अन्य पुलिस अफसरों के घर घुसने की धमकी दी थी। करणी सेना के समर्थन में भीड़ सीमित और नियंत्रित ही रही। अलबत्ता पुलिस ने जितने प्रदर्शनकारी थे, उससे ज्यादा बलवा निरोधक दस्ता सहित पुलिस के जवानों की तैनाती कर रखी थी।

- रेडक्रॉस सोसायटी भवन में एडीएम को राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

क्षत्रिय करणी सेना ने साइंस कॉलेज मैदान के पास प्रदर्शन कर रैली निकालने अनुमति मांगी थी, लेकिन प्रशासन ने साइंस कॉलेज मैदान में प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी। इसके बाद करणी सेना वीरेंद्र तोमर के घर के सामने खाली मैदान में प्रदर्शन करने पहुंची। करणी सेना से जुड़े लोग प्रदर्शन करने मैदान से बाहर निकल पाते, इसके पहले ही पुलिस ने उन्हें मैदान के पास ही रोक लिया।





### गृहमंत्री के बंगले के घेराव की चेतावनी

*क्षत्रिय करणी सेना का राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुसार, प्रशासन ने उनकी मांगों पर विचार तथा जांच करने 15 दिन का समय मांगा है। उन लोगों ने इस पर प्रशासन को 30 दिन का समय दिया है। श्री शेखावत ने चेतावनी दी है कि तोमर परिवार को न्याय नहीं मिलने पर वे गृहमंत्री के बंगले का घेराव करेंगे। हरियाणा के ओकेंद्र सिंह राणा ने कहा कि जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां-वहां उनको वोट की चोट देंगे।*

### हाईलेवल मीटिंग के बाद आंदोलन समाप्त

*क्षत्रिय करणी सेना की आठ सूत्रीय मांगों को लेकर करणी सेना की दस सदस्यीय टीम जिसमें वीरेंद्र की पत्नी, रोहित तोमर की पत्नी, क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत सहित 10 सदस्यीय टीम की कलेक्टोरेट स्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी बिल्डिंग में हाईलेवल मीटिंग हुई। मीटिंग में एएसपी सिटी लखन पटले, एडीएम यूएस बांधे सहित चार-पांच थानों के टीआई शामिल रहे। मीटिंग में करणी सेना की शिकायतों की जांच कर कार्रवाई करने की आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त किया गया।*



### पुलिस ने की थी ऐसी तैयारी

प्रदर्शन की आड़ में किसी भी तरह की कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले लोगों को रोकने के लिए वीरेंद्र तोमर के घर से लेकर भाठागांव चौक तक भारी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया था। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने बलवा निरोधी दस्ता लगाया गया था। इसके अलावा मुख्यमंत्री निवास पहुंच मार्ग को सील कर दिया गया था। प्रदर्शन के पूर्व एएसपी लखन पटले तथा अन्य पुलिस अफसरों ने करणी सेना के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में करणी सेना के नेताओं को साफतौर पर चेतावनी दी गई थी कि किसी भी तरह के कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में करणी सेना के नेताओं को जिम्मेदार माना जाएगा। व्यवस्था बिगड़ने पर करणी सेना के नेताओं को उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने चेतावनी दी गई थी।

**छत्तीसगढ़ से 209 प्रतिनिधि जाएंगे**

## पेंशनर्स महासंघ का चौथा अभा अधिवेशन 21 से अयोध्या में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का चौथा अखिल भारतीय दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 21 एवं 22 दिसंबर को अयोध्या के प्रेमकुंज गार्डन में आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन के उद्घाटन के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रित किया गया है। साथ ही प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद एवं विधायक भी इस आयोजन में शामिल होंगे।

अधिवेशन में देशभर के 22 राज्यों से एक हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिसमें छत्तीसगढ़ से 209 प्रतिनिधि अधिवेशन में सहभागी बनेंगे। महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएच सुरेश सहित देशभर के कई वरिष्ठ पेंशनर्स राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेंगे। अधिवेशन में पेंशनरों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णायक चर्चा की जाएगी, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा घोषित डीए/डीआर को सभी राज्यों में समान तिथि एवं दर से तुरंत लागू कराने, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को हटाकर वित्तीय विवाद समाप्त करने, वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल किराया छूट दोबारा लागू कराने जैसे विषय पर चर्चा होगी। इसके साथ ही राजस्थान मॉडल की तर्ज पर पेंशनरों को मासिक मेडिकल भत्ता एवं कैशलेस उपचार सुविधा प्रदान करने जैसे विषय प्रमुख रहेंगे।

इसके अतिरिक्त पेंशनर के निधन पर न्यूनतम दस हजार रुपए की अंतिम संस्कार सहायता, वरिष्ठ नागरिकों को राज्य परिवहन एवं अन्य बस सेवाओं में यात्रा रियायत, हवाई यात्रा में भी रियायत उपलब्ध कराने, ईपीएफ की न्यूनतम पेंशन बढ़ाकर दस हजार रुपए प्रतिमाह करने तथा हर चार वर्ष में पेंशनरों के लिए भारत भ्रमण सुविधा बहाल करने की मांग अधिवेशन में प्रमुखता से उठाई जाएगी।

## कैबिनेट में गाइडलाइन दर और कुछ विधेयकों पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य सरकार की कैबिनेट की बैठक 10 दिसंबर को बुलाई गई है। मंत्रालय में सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बैठक होगी। विधानसभा की शीतकालीन सत्र की तैयारियों पर चर्चा होगी। साथ ही सत्र के दौरान लाए जाने वाले कुछ और विधेयकों के प्रारूप को मंजूरी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह कैबिनेट की बैठक हुई थी, जिसमें कुछ विधेयकों को मंजूरी दी गई थी।

- पिछले सप्ताह हुई कैबिनेट में कुछ विधेयक को मिली थी मंजूरी

14 दिसंबर से शुरू होने वाले चार दिवसीय विधानसभा सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा लाए गए कई सवालों पर सरकार की तैयारियों को लेकर चर्चा होगी। बताया जाता है कि जमीन की नई गाइडलाइन को लेकर जिलों में लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। यह मुद्दा विधानसभा में भी जोर-शोर से उठने के पूर्व इस मामले में सरकार द्वारा इस पर चर्चा कर कुछ प्रावधानों पर संशोधन करने पर विचार किया जाएगा। धर्मांतरण रोकने के लिए धर्म स्वातंत्र्य विधेयक में संशोधन के प्रारूप पर विचार कर मंजूरी दी जाएगी। संशोधन विधेयक में कड़े प्रावधान किए जा रहे हैं। वहीं धर्मांतरण के लिए दो माह पूर्व अनुमति लिए जाने पर ही मान्य किए जाने का प्रवाधान किया जा रहा है।



**चांदी की कीमत जनवरी से अब तक 95500 रुपए बढ़ी है**

## पहली बार सोना सालभर में 53 हजार रुपए महंगा, चांदी ने भी रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत ने इस साल रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। इतिहास में पहली बार सालभर में सोने के दाम 53 हजार बढ़े हैं। इसी के साथ चांदी ने भी रिकॉर्ड इतिहास रचा है। जो 24 कैरेट का सोना साल के पहले दिन 79 हजार रुपए दस ग्राम था, वह इस समय एक लाख 32 हजार हो गया है। इसी तरह से चांदी के दाम इस समय एक लाख 84 हजार रुपए हैं, जो साल के पहले दिन महज 88500 रुपए किलो थे, यानी चांदी के दाम 95500 रुपए बढ़े हैं।

इस साल सोने और चांदी की कीमत में बहुत तेजी से इजाफा हुआ है। इसके पीछे का बड़ा कारण अमेरिका का टैरिफ वार है। सोने की कीमत लगातार बढ़ने के कारण इसमें निवेश भी ज्यादा हुआ है। पहली बार 21 अप्रैल को राजधानी रायपुर में सोने के दाम जीएसटी के साथ एक लाख रुपए थे। इसके बाद मई में सोने की कीमत कम हो गई। 2 जून को कीमत फिर से एक लाख के पार हो गई। इसके बाद फिर से कीमत कम हुई और अब तो लगातार इसके दाम एक लाख के पार ही रहे हैं। इसी तरह से चांदी के दाम पहली बार फरवरी में एक लाख के पार गए, जो अब पौने दो लाख के पार हो गए हैं।





### चांदी की कीमत में 95 हजार का इजाफा

चांदी की कीमत भी अब नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई है। चांदी की डिमांड ज्यादा होने के कारण इसके दाम लगातार बढ़ रहे हैं। चांदी के दाम तो सोने से भी तेजी से बढ़ रहे हैं। एक समय सोने और चांदी के दाम बराबरी पर चल रहे थे, लेकिन चांदी ने सोने को पीछे छोड़ते हुए पहले डेढ़ लाख कीमत को पार किया और अब कीमत पौने दो लाख को पार करके एक लाख 84 हजार हो गई है। इसके दाम नए साल में दो लाख के पार जाने की पूरी संभावना है।

### सोने के दाम 53 हजार बढ़े


*इस साल सोने के दाम 53 हजार रुपए बढ़े हैं, यह अब तक रिकॉर्ड है। इसके पहले कभी भी इतने कम समय में इतने दाम नहीं बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को कीमत 78400 रुपए थी, 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 हो गई। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई। मार्च में माह के अंतिम दिन कीमत ने नया रिकॉर्ड बनाया और कीमत 93 हजार के भी पार हो गई। इसके बाद अप्रैल में पहली बार कीमत एक लाख तक पहुंची। इसके बाद दाम घटे नहीं हैं। इस समय सोने की कीमत 132000 रुपए है। वैसे शनिवार को बाजार बंद होने के दो दिन पहले इसकी कीमत एक लाख 33 हजार रुपए तक गई थी। नए साल में सोने की कीमत डेढ़ लाख के पार जाने की संभावना है।*

**नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से कराया जाएगा सर्वे**

## वेंडरों की पहचान के लिए होगा सर्वे आधारकार्ड-मोबाइल नंबर लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में अब शहरी क्षेत्रों के स्ट्रीट वेंडरों की पहचान के लिए सर्वे होगा। इसमें 24 बिंदुओं पर जानकारी जुटाई जाएगी। नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से यह सर्वे कराया जाएगा। इसके आधार पर पथकर विक्रेताओं के लिए भविष्य की कार्ययोजना बनाई जाएगी। सर्वे के जरिए यह भी देखा जाएगा कि स्ट्रीट वेंडर हाईटेक है या नहीं? इसके लिए उनसे डिजिटल लेनदेन की जानकारी भी ली जाएगी। यह भी देखा जाएगा कि वेंडर कितने साल से इस काम में लगे हैं। राजधानी में स्ट्रीट वेंडरों को सुव्यवस्थित करना और उनके लिए वेंडिंग जोन बनाना नगर निगम के लिए एक बड़ी चुनौती है। शहर के अलग-अलग इलाकों में अव्यवस्थित रूप से ठेले व गुमटियां लगाकर आजीविका चलाने वाले स्ट्रीट वेंडरों को एक अलग पहचान देने नए सिरे से सर्वे होगा। नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से इसके लिए सर्वे कराया जाएगा, जिसमें स्ट्रीट वेंडरों से सर्वे के आधार पर आधारकार्ड और मोबाइल नंबर भी लिया जाएगा। इसके आधार पर वेंडरों को फोटो वाला प्रमाणपत्र और आधार नंबर युक्त आईडी कार्ड जारी कर दिया जाएगा, ताकि पंजीकृत वेंडर बिना किसी परेशानी के अपना कार्य सुचारू रूप से कर सकें।



सर्वे के आधार पर शिक्षा, आवास, खाद्य सुरक्षा और आजीविका संबंधी विभिन्न कल्याण योजनाओं के तहत वेंडरों को शामिल कर मदद की जाएगी। सर्वेक्षण के आधार पर वेंडरों को पीएम स्वनिधि योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इसके तहत बिना किसी गारंटी के 10 हजार रुपए तक का कर्ज दिया जाता है। समय पर कर्ज चुकाने पर 20 हजार और 50 हजार तक लोन मिल सकेगा। इससे शहर में वेंडिंग जोन बनाने में मदद मिलेगी।

### वेंडरों की जाति के लिए 5 केटेगरी तय

सर्वे प्रपत्र में स्ट्रीट वेंडरों की जाति के लिए पांच केटेगरी तय की गई है। इसमें सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग की जानकारी ली जाएगी। इसके जरिए स्ट्रीट वेंडरों की वार्षिक आय की जानकारी ली जाएगी। यह भी देखा जाएगा कि वे बीपीएल या फिर एपीएल श्रेणी के हैं।

### नर्सिंग ऑफिसर एसो. की नई कार्यकारिणी

रायपुर। नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ संघ की की बैठक में सर्वसम्मति से नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया में डॉ. रीना राजपूत को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा प्रदेश सचिव नीलिमा शर्मा, महामंत्री रंजना सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष दीप्ति सिन्हा, दीपिका तिर्की, प्रदेश उप सचिव प्रज्ञा पिल्लै, नेहा राज पांडे, पूर्णिमा कोर्राम, अश्वनी राय, प्रदेश संगठन सचिव अन्नपूर्णा सिंह, वंदना एंथोनी, रीता एक्का, भावना ध्रुव, प्रदेश कोषाध्यक्ष अपर्णा विश्वास, उप कोषाध्यक्ष सुमन देवांगन, प्रदेश प्रवक्ता टिकेश्वरी साहू तथा कार्यकारिणी सदस्य अमृता नायर, दुर्गेश्वरी साहू, प्रवंचना सोनी, सारिका रामटेके, जया श्रीवास को चुना गया है। अध्यक्ष डॉ. रीना राजपूत ने बताया कि संघ का रजिस्ट्रेशन 4 जुलाई 2022 को हुआ था। इसके बाद तीन वर्ष पूर्व प्रथम प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया था। निर्धारित तीन वर्ष पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी के लिए निर्वाचन कराया गया। निर्वाचन अधिकारी के रूप में 3 संघों के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, पंकज पांडे एवं ऋतु परिहार को आमंत्रित किया गया। सभी पदों पर किसी भी प्रकार का प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार न होने के कारण सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गए।



## मुख्यमंत्री से कुंभकार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय को आगामी जनवरी 2025 में रायपुर जिले के ग्राम नवागांव (कोलियारी) में आयोजित होने वाले प्रदेशस्तरीय महाधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। कुंभकार समाज की पारंपरिक कला, श्रमशीलता और सांस्कृतिक योगदान छत्तीसगढ़ की सामाजिक संरचना को समृद्ध बनाते हैं। राज्य सरकार सभी समाजों के विकास और सहभागिता के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में समाज के सलाहकार रतनलाल चक्रधारी, बीपी चक्रधर, प्रदेशाध्यक्ष नंदकुमार चक्रधारी, महामंत्री हेमलाल कौशिक, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश कुंभकार, दउवाराम चक्रधारी सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### गायत्री महायज्ञ को लेकर हुई बैठक

**महासमुंद।** शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि सुकदेव भारद्वाज, उपजोन रायपुर से एमएल साहू एवं महासमुंद से रिखीराम साहू, बिश्राम साहू, ललित मेश्राम की उपस्थिति में गायत्री शक्तिपीठ सरायपाली में 31 दिसंबर 2025 को आयोजित 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी की समीक्षा बैठक हुई। सरायपाली के जितेंद्र खोडियार, कन्हैयालाल पटेल, राजकुमारी साहू आदि कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम के तैयारी की विस्तृत जानकारी दी।

### चिंवरी में कबड्डी प्रतियोगिता 12 को

**सिर्री।** ग्राम चिंवरी के चिवरेश्वरनाथ कबड्डी टीम, नवयुवक संघ एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 12 दिसंबर शुक्रवार को आयोजित की गई है। प्रवेश शुल्क 250 रुपए है। प्रथम पुरस्कार 7 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार 3 हजार रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 1500 रुपए दिया जायेगा। सभी मैच मैट में खेले जाएंगे। प्रत्येक प्रतिभागी टीम को मोमेंटो से सम्मानित किया जाएगा। बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट ऑलराउंडर को 301 रुपए एवं ट्राफी दी जायेगी।

### छिपली-फरसियां मार्ग पर हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई

**नगरी।** नगरी विकासखंड अंतर्गत छिपली-फरसियां मार्ग पर सड़क किनारे लगे बड़े-बड़े हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। सड़क किनारे वर्षों पुराने कौहा प्रजातियों के पेड़, जो गर्मी के दिनों में राहगीरों को छाया और राहत प्रदान करते थे, उन्हें बेरहमी से काटा जा रहा है। इतना ही नहीं खेतों के किनारे लगे पेड़ों को भी काटकर लकड़ियां खुलेआम ले जाई जा रही हैं।

# जिले में राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

- 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 8335 शिक्षार्थियों ने भाग लिया

उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 07 दिसंबर को जिले में राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 8335 शिक्षार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 6713 महिलाएं और 1622 पुरुष शामिल थे। जिले में सुचारू संचालन के लिए कुल 502 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे, जिनमें विकासखंड महासमुंद में 134, बागबाहरा में 128, पिथौरा में 55, बसना में 41 और सरायपाली में 144 केंद्र शामिल रहे। शिक्षार्थियों को अपनी सुविधा अनुसार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित समय में परीक्षा देने की सुविधा उपलब्ध कराई गई तथा प्रश्न पत्र हल करने हेतु तीन घंटे का समय निर्धारित था।

परीक्षा आयोजन की मॉनिटरिंग राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा की गई। लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के सहायक संचालक आलोक चांडक, जिला परियोजना अधिकारी कमल नारायण चंद्राकर, जिला नोडल अधिकारी सम्पा बोस, तारिका सोरी तथा विकासखंड नोडल अधिकारी ईश्वर चंद्राकर ने महासमुंद विकासखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों परसट्ठी, बम्हनी, साराडीह एवं लभराखुर्द का निरीक्षण किया। इसी क्रम में



जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद विजय कुमार लहरे ने विकासखंड बागबाहरा के परीक्षा केंद्र डोंगरीपाली का निरीक्षण किया। जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा) रेखराज शर्मा ने पिथौरा विकासखंड के परीक्षा केंद्र ठाकुरदियाखुर्द का निरीक्षण किया। जिला एवं विकासखंड स्तर पर गठित मानिटरिंग दलों मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, तहसीलदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, नोडल अधिकारी, बीआरसीसी एवं संकुल समन्वयकों ने पांचों विकासखंडों में परीक्षा संचालन की व्यापक निगरानी की।

विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष बीएस मंडावी एवं जनपद पंचायत महासमुंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने लोहारडीह और घोंगीबहरा केंद्र का निरीक्षण किया। सदस्य सियाराम कर्माकर (श्रम निरीक्षक) ने अमलोर केंद्र का निरीक्षण किया। बागबाहरा विकासखंड के शिक्षा अधिकारी केके वर्मा एवं सहायक शिक्षा अधिकारी रामता मन्नाडे द्वारा अंबेडकर नगर केंद्र का निरीक्षण किया गया। सरायपाली के सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवनारायण दीवान ने उल्लास परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा व्यवस्था में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, मितानिन, रसोइये और स्वीपरों ने शिक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक लाने-ले जाने में सहयोग प्रदान किया। राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान के दौरान जोगीपाली परीक्षा केंद्र में विशेष रूप से बूंद कुंवर पटेल (सास) और रूखमणी पटेल (बहू) ने एक साथ परीक्षा में शामिल होकर साक्षरता अभियान को प्रेरणादायी संदेश दिया।

## बैठक : कलेक्टर ने की जलजीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

# पाइप लाइन बिछाते समय सड़कों की खुदाई न करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

- खराब गुणवत्ता और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को किया जाएगा ब्लैक लिस्टेड

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जलजीवन मिशन के अंतर्गत जिले में चल रहे सभी निर्माण एवं आपूर्ति कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार तथा पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता डीपी वर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी, क्रियान्वयन एजेंसी के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर लंगेह ने पीएचई विभाग के अंतर्गत चल रहे सभी निर्माण, मरम्मत एवं जलापूर्ति संबंधी कार्यों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जहां बोरवेल सूख रहे हैं, वहां प्राथमिकता के साथ



वाटर रिचार्ज हेतु इंजेक्शन वेल तैयार किए जाएं, ताकि जल उपलब्धता लगातार बनी रहे। यह कार्य मनरेगा के तहत तेजी से कराने को कहा गया। कलेक्टर ने कहा कि हर घर नल से पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा व आपूर्ति सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए सभी एजेंसियां निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करें। बैठक में सभी ठेकेदारों के कार्यों की भी बारीकी से समीक्षा की गई। उन्होंने ठेकेदारों द्वारा समय पर कार्य नहीं करने, सामग्री की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं रहने तथा समय-समय पर निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने सभी संबंधितों को चेतावनी दी। कार्यों की समीक्षा के दौरान अनिल कंस्ट्रक्शन एवं सप्लायर एवं सिद्धि इंफ्रास्ट्रक्चर को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई के लिए नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाते समय सड़कें न उखाड़ी जाएं, और यदि कहीं खुदाई की गई है तो उसे तुरंत भरकर पूर्ववत कर दिया जाए। जिन गांवों में पानी टंकी का निर्माण हो चुका हैं, वहां पाईप लाइन बिछाने का कार्य तेजी से करें। इसी तरह कई स्थानों पर टंकी निर्माणाधीन है, उसे दिसम्बर माह तक पूर्ण कर लेवें। पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति सभी घरों को प्राथमिकता से नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसी तरह समीक्षा के दौरान कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा में कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार पर दंडात्मक एवं अनुबंध निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जिन ग्रामों में 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहां जल्द से जल्द हर घर जल प्रमाणन का कार्य ग्राम पंचायतों से समन्वय कर कराया जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि टुल्लू पंप से पानी खींचने की शिकायत कुछ ग्रामों में मिली है, इसे तुरंत रोकते हुए संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी अधिकारियों एवं ठेकेदारों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## बसना विकासखंड में साक्षरता परीक्षा हुई 41 केंद्रों में 770 शिक्षार्थियों ने दी परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत विकासखंड बसना में साक्षरता परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक हुई।

पूरे विकासखंड में बनाए गए 41 परीक्षा केंद्रों में कुल 770 शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा संचालन के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कंवर, बीआरसीसी अनिल साव, विकासखंड परीक्षा प्रभारी नरेंद्र पटेल, सभी सीएसी, शरण दास, विजय कुमार ,केंद्राध्यक्ष, सर्वेयर, स्वयंसेवक एवं समस्त शिक्षा स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों में व्यवस्था सुव्यवस्थित रही तथा शिक्षार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाते हुए साक्षरता के प्रति अपनी रुचि प्रकट की। विकासखंड नोडल वीरेंद्र कुमार साहू ने सभी अधिकारियों एवं सहयोगी टीम को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।



### देवरी स्कूल में छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा के चिरायु दल के द्वारा सीएमएचओ के मार्गदर्शन और विद्यालय के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के सहयोग से विद्यालय में उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वजन, ऊंचाई, रक्तचाप, त्वचा एवं अन्य शारीरिक समस्याओं को पूछ कर उचित परामर्श देकर उपचार किया गया। चिरायु दल में ए बंजारे आरएमए, रश्मि कुजुर फार्मासिस्ट, लेखनी चंद्राकर एएनएम शामिल रहे। इस अवसर पर व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, परस राम सिन्हा, नीलू सोनी, आनंद राम व्यौहार, बीएल टंडन, रवि प्रकाश पात्रे, भोज राम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना हमारा उत्तरदायित्व : कुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

भाजपा मंडल बलौदा के अंतर्गत आने वाले ग्राम राजाडीह में युवा मतदाता संवाद चौपाल मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 (एसआईआर) के तहत ग्राम राजाडीह, भालूकोना, पझरापाली, बेलडीह, जटाकन्हार में नव मतदाताओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,व ग्रामीणों से मिलकर एसआईआर की जानकारी दी गई।

एसआईआर अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुँचाने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की। यह अभियान लोकतंत्र को सशक्त



बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक उत्तरदायित्व है। जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा जिला मंत्री कुमारी भास्कर, मंडल अध्यक्ष बलौदा नीलांबर तांडी, प्राधिकृत अध्यक्ष तोषगांव विजय प्रधान, प्राधिकृत अध्यक्ष मलदामॉल घनश्याम भोई, प्राधिकृत अध्यक्ष केना प्रसन्न प्रधान, प्राधिकृत अध्यक्ष रोहिना बनितराम सिदार, प्राधिकृत अध्यक्ष सलखंड झनकराम चौधरी, जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि धनेश्वर भास्कर, जनपद पंचायत सभापति उद्धव नंद, मंडल केंदुवा मीडिया प्रभारी मनबोध मिरी, जगेश्वर चंद्रा, मंडल बलौदा मीडिया प्रभारी झनकराम मिरि, ईश्वर प्रसाद जांगड़े, परमानंद निराला उपस्थित रहे।

# विजय सेवा समिति ने किया नि:शुल्क इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ का वितरण

**महासमुंद।** शांति विजय सेवा समिति, महासमुंद (छत्तीसगढ़) ने समाजसेवा की अपनी अनूठी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण पहल की है। समिति इनेली फाउंडेशन के सहयोग से ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों को बैटरी-स्थापित निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक प्रोस्थेटिक हाथ प्रदान करने के लिए एक सेवा अभियान आयोजित कर रही है, जिन्होंने दुर्घटना या अन्य कारणों से अपना हाथ खो दिया है। इस आधुनिक कृत्रिम हाथ का उद्देश्य दिव्यांगों के जीवन में नई शक्ति और आत्मनिर्भरता लाना है। यह प्रोस्थेटिक हाथ पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे लगाने या निकालने के लिए किसी प्रकार की सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती है। यह हल्का, मजबूत है और दैनिक कार्यों के लिए अत्यंत उपयुक्त है। समिति ने पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की है। शिविर की तिथि और स्थल की विस्तृत जानकारी बाद में केवल पंजीकृत आवेदकों को दी जाएगी। समिति ने सभी से आग्रह किया है कि यदि वे किसी ऐसे जरूरतमंद को जानते हैं, तो उसकी जानकारी नीचे दिए गए संपर्क नंबरों गुमान लूनिया 77488 04572, सुशील बोथरा 94252 15956, हेमंत झाबक, 98269 34347, श्रेयांश कोटडिया 89827 039131 से साझा करने की अपील की गई हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में वर्षों से सक्रिय इस समिति ने मानवीय अभियान को अधिक जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए समाज से सहयोग की अपील की है।

# छत्तीसगढ़ उत्कल गाड़ा समाज के शहर अध्यक्ष बने बबलू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ उत्कल गाड़ा समाज शहर इकाई द्वारा नयापारा स्थित स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव सभागार में 7 दिसंबर को उत्कल गाड़ा समाज शहर इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारी का शपथ ग्रहण एवं पूर्व समाज अध्यक्ष किनारी नायक के विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ, डॉ भीमराव अंबेडकर, गौतम बुद्ध के प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। समाजजनों को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष किनारी नायक ने कहा कि यह रीत चली आ रही है कि कोई भी संस्था संगठन में कोई हमेशा एक पद पर नहीं बना रहता। मैने स्वास्थ्यगत कारणों के चलते अध्यक्ष पद के दायित्व से स्वयं से होकर त्यागपत्र दिया, और मेरे स्थान पर समाज के युवा बबलू हरपाल को सभी समाज जनों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना है तो आप सभी समाज को आगे बढ़ाने में बबलू हरपाल का साथ दें।



छत्तीसगढ़ उत्कल गाड़ा समाज के शपथ ग्रहण एवं पूर्व अध्यक्ष के विदाई समारोह में बादल बघेल, दामोदर सोना, पारस हरपाल, बैजल भारती, जुगराज महानंद, रामचरण बघेल, सुदर्शन कुमार, बबलू महानंद, दुर्गा प्रसाद, बच्चन कुमार, मायाजाल, विष्णु सोनवानी, तरुण कुमार, मोहन कुमार, तुलसी कुमार, डमरू जगत, धरमु टांडी, लोचन बघेल, ईश्वर छतरी, राजेश्वर राय, रॉकी सोनवानी, धर्मेंद्र नायक, विकास सागर, दीपक नायक, सुनील नायक, नरेंद्र सिक्का, राजू कुलदीप, आशीष सिक्का, सोनू कुलदीप, गजानंद कुलदीप, घनश्याम नायक, भीम नायक, प्रीतम टांडी, शत्रुघ्न टांडी, पदमन टांडी, मेघनाथ महानंद, अरुण छतरी, सोनू कुलदीप ,घनश्याम बाग, लखन विभाग, विजय प्रधान, कान्हा प्रधान, सुनील बाघ, कृष्ण नायक, विनोद बाग, केवल सोनवानी, बजरंग बाग, कामो निहाल, मन्नू नायक, कैलाश बघेल, संतु नेताम, सुनाथर सागर, मुन्ना नेताम, दुर्गेश प्रधान, तुलाराम बघेल, राजू टांडी, मनोज छतरी, गणेश हरपाल, गुरु जगत, चिंता नेताम, जालंधर सोनवानी, शेखर नेताम, पिंटू जगत, सोनू सोनी, राज बघेल, शंभू बघेल, गंगा पांडे, नवीन बाघ, किशन पांडे, तिलक नेताम, अजय प्रधान, हेमंत बघेल, अर्जुन बघेल, मिंकू सागर, सूबे लाल नेताम आदि उपस्थित रहे।

## सोसाइटी प्रबंधक का दिल का दौरा पड़ने से निधन

# परिजनों ने किया चंद्रहास का देहदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चिंवरी के प्रबंधक चिंवरी निवासी चंद्रहास साहू उम्र 61 वर्ष का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। विदित हो कि पिछले सप्ताह दिल का दौरा पड़ने पर उनके परिजनों ने रात्रि में ही रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया था। सप्ताह भर अस्पताल में इलाज जारी रहा। 6 दिसंबर की रात्रि लगभग 10 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रबंधक के मरणोपरांत परिजनों की सहमति से श्री अरबिंदो नेत्रालय रायपुर में उनका नेत्रदान किया गया। रविवार की सुबह 11 बजे आवश्यक दस्तावेजों की कार्रवाई को पूर्ण करते हुए परिजनों की सहमति से बालाजी हॉस्पिटल मोवा में संपूर्ण



देहदान किया गया। उनके पार्थिव शरीर को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया।

श्रद्धांजलि सभा में पिता हरखराम साहू, मां परमा साहू, भाई चंद्रकुमार, पत्नी



शकुंतला साहू, पुत्र कृष्ण साहू, हरीश साहू, लोकेश साहू सहित चिंवरी सरपंच संजीत साहू, मरौद ब्रांच मैनेजर अशोक साहू, कृष्णा सिन्हा, हरीश दादर, रामखिलावन साहू चिंवरी सोसाइटी अध्यक्ष, पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष बसंत साहू, खुमान साहू, हरेंद्र साहू पूर्व सरपंच, उत्तम साहू, सोमप्रकाश, जागेंद्र साहू, सौहेन्द्र सिंह गुरुदत्ता, अनिल सहित चिंवरी सोसाइटी स्टाफ खिलेश साहू, वेदप्रकाश साहू, यशवंत साहू, संतोष साहू, सत्यम साहू, अनुपम विश्वकर्मा ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शहीद स्मारक में मनाया गया सेना झंडा दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 7 दिसम्बर को भारतीय स्वतंत्रता सेना झंडा दिवस मनाया गया। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पूर्व सैनिक नंदकिशोर सिन्हा, आरपी साहू, पीएन दीवान मौजूद रहे। इस दौरान युवराज सिंह चंद्राकर ने बताया कि स्वकतंत्र राष्ट्र का अपना एक ध्व ज होता है। यह एक स्व तंत्र देश होने का संकेत है। भारतीय राष्ट्री य ध्वेज को इसके वर्तमान स्वकरूप में 22 जुलाई 1947 को आयोजित भारतीय संविधान सभा की बैठक के दौरान अपनाया गया था, जो 15 अगस्ते 1947 को अंग्रेजों से भारत की स्वअतंत्रता के कुछ ही दिन पूर्व की गई थी। इसे 15 अगस्त 1947 और 26 जनवरी 1950 के बीच भारत के राष्ट्री य ध्व9ज के रूप में अपनाया गया। पश्चोत भारतीय गणतंत्र ने इसे अपनाया। भारत में तिरंगे का अर्थ भारतीय राष्ट्रीकय ध्व9ज है। भारतीय राष्ट्रीतय ध्वकज में तीन रंग की क्षैतिज पट्टियां हैं, सबसे ऊपर केसरिया, बीच में



सफेद ओर नीचे गहरे हरे रंग की पट्टीक और ये तीनों समानुपात में हैं। ध्वधज की चौड़ाई का अनुपात इसकी लंबाई के साथ 2 और 3 का है। सफेद पट्टी के मध्यज में गहरे नीले रंग का एक चक्र है। यह चक्र अशोक की राजधानी के सारनाथ के शेर के स्तंतभ पर बना हुआ है। इसका व्याफस लगभग सफेद पट्टी की चौड़ाई के बराबर होता है और इसमें 24 तीलियां है।

## खबर संक्षेप



### सम्मान समारोह में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम लाफिनखुर्द में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना द्वारा सम्मान समारोह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार ने कहा कि नई पीढ़ी को सुसंस्कृत बनाने के लिए बुजुर्गों का योगदान हमेशा रहता है। आज भी बुजुर्गों के अनुभव और सीख को आत्मसात कर भावी पीढ़ी नई सोच के साथ विकास की ओर अग्रसर हो रही है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को हर दिन मान-सम्मान देकर उनकी सीख और अनुभवों का लाभ लेना चाहिए। वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गों को गमछा एवं फल भेंटकर सम्मानित किया गया।



### पारस ने जीता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक

**महासमुंद।** महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे के नेतृत्व में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जो कि 5 से 7 दिसंबर ई. राघवेंद्र राव शासकीय स्नात. विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित किया गया था। महाविद्यालय के छात्र पारस तारक ने 100 मीटर दौड़ एवं 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया 100 मीटर दौड़ पारस ने 10.80 सेकंड में पूरा कर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। वहीं वेद प्रकाश पटेल ने भाला फेंक में 45.44 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक प्राप्त किया।

# अंडरट्रायल रिव्यू कमेटी ने किया निरीक्षण, जेल में व्यवस्था को ठीक पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ उप जेल निर्माण के संबंध में भूमि हस्तांतरण पर की गई चर्चा





जिला जेल में अंडरट्रायल रिव्यू कमेटी द्वारा जेल का ऑकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर, सिविल जज प्रियदर्शन गोस्वामी एवं अदित्य जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडे, डिप्टी कलेक्टर अक्षा गुप्ता, पुलिस निरीक्षक शरद दुबे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के शासकीय अधिवक्तागण, सहायक जेल अधीक्षक मुकेश प्रसाद कुशवाहा एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कमेटी के सदस्यों द्वारा समस्त बैरकों में जाकर बंदियों की समस्या संबंधी जानकारी ली गई, जिसमें विधिक, खान-पान, स्वास्थ्य संबंधी, जेल सुरक्षा आदि शामिल है। कमेटी ने जेल की संपूर्ण व्यवस्था को ठीक पाया। कमेटी द्वारा प्रमुख रूप से बंदियों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था, परिरूद्ध बंदियों के पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कराए जाने हेतु प्राथमिकता, जेल विस्तारीकरण हेतु वर्तमान जेल के पीछे जेल विभाग को आबंटित जमीन का सीमांकन, आधुनिक विडियों कांफ्रेंसिंग रूम, आधुनिक मुलाकात कक्ष, एनसीआरबी के द्वारा सेटअप एमसीयू रूम, सरायपाली में 300 की क्षमता के उप जेल निर्माण के संबंध में भूमि हस्तांतरण एवं जेल निर्माण संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

## आयोजन: 26 नवीनीकरण, 10 व्यक्ति उपकरणों के लिए चिन्हांकित

# शिविर में 304 दिव्यांगजन उपस्थित हुए, 152 लोगों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत महासमुंद जिले में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण, प्रमाण पत्र नवीनीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर तथा समाज कल्याण विभाग की उप संचालक संगीता सिंह के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में 08 दिसंबर को विकासखंड महासमुंद अंतर्गत नगर पंचायत तुमगांव में सियान क्लब, वार्ड क्रमांक 07 में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 304 दिव्यांगजन उपस्थित हुए, जिनमें 152 ने पंजीयन कराया, 71 व्यक्तियों का प्रमाणीकरण किया गया, 26 प्रमाणपत्रों का नवीनीकरण हुआ, 10 व्यक्तियों के लिए विभिन्न उपकरणों का चिन्हांकन किया गया तथा यूडीआईडी कार्ड हेतु 97 फार्म संकलित किए गए।

शिविर जिला मेडिकल बोर्ड, जिला चिकित्सालय महासमुंद की चिकित्सक टीम, समाज शिक्षा संगठक हेमराज सोनबेर, जनपद पंचायत महासमुंद एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति और समन्वय में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### जिला पंचायत सीईओ ने की वीसी के माध्यम से योजनाओं की समीक्षा



**महासमुंद।** वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा सोमवार को जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने की। बैठक में जिला पंचायत कार्यालय की सभी संबंधित शाखाओं के प्रभारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एसडीओ, परियोजना अधिकारी, तकनीकी सहायक एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ नंदनवार ने महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत आजीविका डबरी निर्माण तथा पूर्व वर्ष के अपूर्ण और प्रगति पर चल रहे कार्यों को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से जुड़े कार्यों की स्वीकृति हेतु आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र भेजने पर भी जोर दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए सीईओ नंदनवार ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि सभी स्वीकृत आवासों की प्रगति समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामुदायिक शौचालय, वॉटरशेड, सेग्रिगेशन शेड सहित अन्य प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्त करना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने जिले में संचालित सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पालिका प्रस्ताव को शासन की मुहर

# अध्यक्ष के प्रयास से 2.40 करोड़ रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ संयंत्र स्थापित करने व स्थापित संयंत्रों के उन्नयन की दिशा में होगी कार्रवाई



स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत कचरा प्रसंस्करण की स्थापना के लिए नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू के प्रयास से पीआईसी द्वारा पारित प्रस्ताव को शासन की मंजूरी मिल गई है। इसके लिए भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की 9वीं बैठक में 2 करोड़ 40 लाख 67 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। अब शीघ्र ही संयंत्र स्थापित करने व स्थापित संयंत्रों के उन्नयन की दिशा में कार्रवाई होगी।

पालिका अध्यक्ष साहू ने बताया कि ठोस प्रबंधन घटक अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र में सूखे एवं गिले कचरे के प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं स्थापित संयंत्रों की उन्नयन के लिए राशि स्वीकृत होने से कचरा प्रबंधन को गति मिलेगी। प्रसंस्करण की स्थापना के लिए शासन द्वारा प्रस्ताव मांगा गया था। जिसमें नगर पालिका ने प्रस्ताव तैयार किया था। जिसे प्रेसिडेंट इन कौसिंल ने उक्त प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। जिसे भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा लागू स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय तकनीकी समिति (एसएलटीसी) की 9वीं बैठक के एजेंडा क्रमांक 5 में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्लयूएम) घटक अंतर्गत नगर पालिका परिषद महासमुंद में सूखे एंव गीले कचरे के प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं स्थापित संयंत्रों के उन्नयन/विकास तथा 5 वर्ष के लिए संचालन-संधारण के लिए राशि दो करोड़ चालीस लाख 67 हजार रुपये स्वीकृत की गई है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

# अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में अटल कप का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




शहर के मिनी स्टेडियम में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के 101वीं जयंती को यादगार बनाने के लिए अटल कप रात्रिकालीन क्रिकेट का आयोजन पूर्व पार्षद पूर्व पार्षद महेंद्र जैन एवं साथी दिनेश रूपरेला, आकाश पांडे, रविंद्र जैन द्वारा किया गया।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा संजय श्रीवास्तव तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने की।

मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह प्रतियोगिता उस महान व्यक्ति के याद में किया जा रहा है जिनके द्वारा नवंबर 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की गई थी। आयोजक मंडल द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। तत्पश्चात दो मैच खेले गए। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन लक्ष्मीकांत तिवारी एवं आभार प्रदर्शन दिनेश रूपरेला ने किया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि चंद्रहास चंद्राकर, सरला कोसरिया, ऐतराम साहू, नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, इंद्रजीत सिंह खालसा, वरुण साहू के अलावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, संदीप घोष, किरण ढीढी, आनंद साहू, आशुतोष जोशी, तोरण ध्रुव, शिवम चंद्राकर, विकास औसर, रजा चौहान, उषा पाल आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला स्तरीय दो दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन आज से जिला प्रशासन एवं खेल तथा युवा कल्याण विभाग द्वारा शंकराचार्य भवन एवं मंगल भवन खैरा में किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा महोत्सव के सफलतापूर्वक संचालन के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपा गया है। आयोजन स्थल में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस विभाग को दी गई है, नगर पालिका द्वारा स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्णायकों और शिक्षकों की ड्यूटी लगाने, आयोजन की प्रारंभिक तैयारी, प्रतिभागियों के पंजीयन, सूची एवं परिणाम तैयार करने तथा विद्यार्थियों की उत्कृष्ट भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आयोजन स्थल पर मेडिकल किट और प्राथमिक/आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। माई भारत महासमुंद द्वारा प्रतिभागियों के पंजीयन और पुरस्कार वितरण में सहयोग किया जाएगा। उद्यानिकी विभाग द्वारा समारोह स्थल की सजावट व्यवस्था की जाएगी। परिवहन विभाग आवागमन हेतु वाहनों की व्यवस्था करेगा और जनपद पंचायतें ग्राम पंचायतों के उत्कृष्ट कलाकारों को सूचना देकर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेंगी। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आयोजन स्थल की तैयारी, विभागीय समन्वय, आदिवासी विकास विभाग द्वारा आवश्यक कार्य हेतु कर्मचारियों की उपलब्धता और विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम का मंच संचालन रेखराज शर्मा और टेकराम सेन द्वारा किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि आपसी समन्वय के साथ युवा महोत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं।

### पटेवा में निर्माणाधीन महतारी सदन का विधायक ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश



**महासमुंद।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पटेवा में निर्माणाधीन महतारी सदन का सोमवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण कर उन्होंने निर्माण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। उन्होंने निर्माण कार्य का पूरा जायजा लेते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने ही हिदायत दी। इस दौरान भाजपा नेता पवन पटेल, रमेश साहू, संदीप घोष, सुनील पटेल, टीकाराम पटेल, प्रकाश पटेल, शरद मराठा सहित अन्य उपस्थित थें।

# पार्षद ने आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर किया गृह संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर, 'गृह संपर्क अभियान' के तहत सुभाष नगर बस्ती में डोर-टू-डोर जाकर वार्ड क्रमांक 21,22 और 23 के निवासियों से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान प्रत्येक घर पर जाकर भारत माता के चित्र के साथ एक विशेष पत्रक एवं पुस्तिका वितरित की। युवाओं के माध्यम से सुभाष नगर बस्ती के निवासियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, विचारधारा और समाज के प्रति उसके व्यापक कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान, नागरिकों को संघ के जनकल्याणकारी प्रकल्पों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और सामाजिक समरसता को लेकर चल रहे प्रयासों को साझा किया। संघ का यह 'गृह संपर्क अभियान' न केवल संगठन के इतिहास को याद दिलाता है, बल्कि समाज के हर वर्ग तक पहुंचने और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त कदम उठाती है। इस अवसर पर वार्ड के युवागण सूरज निषाद, खोमेश कमल, जय कमल, अकाश उके, लव यादव, योगेश यादव अप्पू नाग, प्रकाश यादव, सतीश निषाद, दिगेश धीवर उपस्थित रहे।



### लाफिनखुर्द में नेवता भोज एवं सम्मान समारोह

**महासमुंद।** शासकीय हाई स्कूल लाफिनखुर्द में पदोन्नत प्राचार्य भारत सिंह साहू द्वारा विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों, स्टाफ तथा विद्यार्थियों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष सुंदरलाल साहू, भीखम साहू, संतोष कुमार साहू, नंदनी साहू, निर्मला साहू तथा स्टाफ सदस्य प्रीति चंद्राकर, भुवनेश्वरी जागड़े, विनीता अंजलि दीवान, व्याख्याता प्रकाश चंद्राकर, राधेश्याम सोनी, संदीप तिवारी एवं नवीन काजल का विशेष योगदान रहा।




## खैरझिटी ग्राम कमेटी के कुंजु चेलक अध्यक्ष, कुसुमलता चेलक महिला टीम की अध्यक्ष

# ईमानदार मुखिया ही समाज को सही दिशा दशा दे सकता है : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज तुमगांव परिक्षेत्र के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, सचिव रेखराज बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष चित्र कुमार भारती के विशेष उपस्थिति में खैरझिटी ग्राम कमेटी की गठन किया गया।

बैठक में जिला सचिव रेखराज बघेल ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के गठन नियमावली, उद्देश्य व प्रदेश से लेकर जिला, ब्लॉक, अठगंवा, ग्राम इकाई के कार्यों को विस्तार से बताया। ग्राम कमेटी गठन सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, नशा उन्मूलन अभियान में जागरूकता लाने के लिए करने की बात कही। जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने समाज को संगठित रहकर ऐसे मुखिया का चुनाव करने कहा कि जो निडर व ईमानदार हो तथा समाज के सेवा में 24 घंटे तैयार रहें। आज समाज को तोड़ने में समाज के ही कुछ स्वार्थी लोग लगे हैं ऐसे लोगों से हमें सावधान रहने की जरूरत है। ब्लॉक अध्यक्ष चित्र कुमार भारती ने हक अन्याय व समाज में सुचिता लाने संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्य को बताया। बैठक में उपस्थित खैरझिटी समाजजनों ने सर्वसम्मति से ग्राम कमेटी का गठन किया। जिसमें कुंजु चेलक को अध्यक्ष व सरंक्षक रामजी कोशले, भंडारी जितेंद्र गायकवाड़, सलाहकार मनराखन जोशी, उपाध्यक्ष राकेश लहरे, हेतराम, विश्राम कोसले, श्यामलाल लहरे, सचिव ओम प्रकाश कोसले, कोषाध्यक्ष अशोक कोसले, सहसचिव बोधन चेलक, प्रवक्ता गोविंद ढीढी, मीडिया प्रभारी श्रवण जोशी, कार्यकारिणी सदस्य योगेश मन्हारे आदि मनोनीत किया गया। इसी प्रकार से महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कुसुम लता चेलक, उपाध्यक्ष गीताबाई मारकंडे, सचिव सुरेखा भास्कर को बनाया गया। बैठक का संचालन बेदराम गिलहरे अध्यक्ष तुमगांव परिक्षेत्र एवं आभार प्रदर्शन सचिव गोवर्धन खुंटे ने किया।